राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष – 03 | अंक – 192 | जौनपुर | शनिवार, 01 मार्च 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती– दिल्ली से बच्चे संग प्रेमी के घर पहुंची महिला

गोरखपुर, (संवाददाता)। इंस्टाग्राम पर चौटिंग के दौरान दिल्ली की एक शादीशुदा महिला सहजनवां क्षेत्र के एक किशोर को दिल दे बैठी। महीनों चौटिंग के बाद इस कदर नजदीकियां बढ़ीं कि महिला अपने एक बच्चे को लेकर किशोर प्रेमी से मिलने उसके घर पहुंच गई। महिला के परिजनों को पता चला तो खोजते हुए सहजनवां आए और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस प्रेमिका को प्रेमी के घर से थाने ले गई और दोनों पक्षों को समझाने के बाद महिला को परिजनों संग दिल्ली भेज दिया। बिहार की रहने वाली एक महिला शादी के बाद पति के साथ दिल्ली में रहती है। दोनों का एक बच्चा है। इंस्टाग्राम पर महिला की सहजनवां क्षेत्र के एक किशोर से दोस्ती हुई और चौटिंग होने लगी। नजदीकियां इतनी बढ़ीं कि दोनों साथ जीने–मरने की कसम खाने लगे।

# पीएसी बल का महाकुंभ मेला में समर्पण, सतर्कता के साथ श्रद्धालुओं की मदद मे रही अहम् भूमिका - डॉ. मिश्र

### • प्रभारी आईजी पीएसी पूर्वी जोन प्रयागराज डाक्टर मिश्र से खास मुलाकात

(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)

अयोध्या। प्रयागराज मे आयोजित महाकुंभ मेला मे पीएसी के जवानों ने समर्पण सतर्कता संयम के साथ–साथ श्रद्धालुओं की मदद में अहम भूमिका निभाई। इन जवानों ने जहां एक और महाकुंभ मेले में आए कई बिछड़े लोगों को उनके परिजनों से मिलने का काम किया वहीं कई श्रद्धालुओं को डूबने से बचाते हुए नया जीवन दान देने का सराहनीय कार्य किया।यह बातें प्रभारी आईजी पीएसी पूर्वी जोन प्रयागराज डॉक्टर राजीव नारायण मिश्र ने एक खास मुलाकात में कहीं।बताया कि पीएसी जवानों द्वारा महाकुंभ मेला में जीआरपी ड्यूटी सम्पादित करते हुए कानपुर, वाराणसी, अयोध्या, प्रयागराज समेत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण तथा यातायात संचालन में प्रमुख भूमिका निभाते हुए दिव्यांगो, महिलाओं व बुजुर्गों की ट्रेन में चढाने के दौरान पैर फिसलने, अचानक हार्ट अटैक आने पर सीपीआर देकर जान बचाई गई। बताया कि 1फरवरी को जीआरपी ड्यूटी कैंट वाराणसी में एक बुजुर्ग महिला जिसका पैर ट्रेन नंबर 15159 सारनाथ एक्सप्रेस पर चढ़ते समय फिसल गया जिससे महिला प्लेटफार्म और ट्रेन के अन्दर चली गई।ड्यूटी में मौजूद 34वी वाहिनी पीएसी भुल्लनपुर वाराणसी ष्डी दलष के आरक्षी सत्येन्द्र यादव व आरक्षी अभिषेक मौर्य द्वारा तुरन्त ट्रेन को रुकवाकर महिला को बाहर निकाला तथा महिला को उनके परिवार को सुपुर्द किया गया।वही 25 जनवरी को महाकुम्भ में आए दिव्यांग श्रध्द्धालु जो कि रास्ता भटक गए थे, ड्यूटी में मौजूद 09 वी वाहिनी पीएसी मुरादाबाद डी दल के आरक्षी अजीत द्वारा उनका गंतव्य स्थान पता कर उन्हे प्रयाग संगम रेलवे स्टेशन से होते हुए प्रयाग संगम को जाने वाली ट्रेन में चढ़ाकर सीट पर सकुशल बैठाया गया।4 फरवरी को महाकुंभ मेले में आ रहे दिव्यांग श्रध्द्धालु सत्येन्द्र पासवान निवासी सिंदूरिया थाना बारून जिला औरंगाबाद, बिहार से रामबाग रेलवे स्टेशन प्रयागराज प्लेटफॉर्म नं 01 पर आई ट्रेन विभूति एक्सप्रेस से उतरते वक्त नीचे गिर गए थे।ड्यूटी पर मौजूद 24वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद श्एश दल के आरक्षी कपिल कुमार, मुकुल राजपूत के द्वारा व्हील चेयर पर बैठा कर स्टेशन प्रांगण से बाहर ई रिक्शा में बैठा कर सकुशल उनके गंतव्य तक पहुंचाने में मदद की।10 फरवरी को कानपुर सेंट्रल रेलवे पर अनिल कुमार निवासी गाधीनगर नौबस्ता को अचानक हार्ट अटैक आ गया। ड्यूटी पर तैनात 10वीं वाहिनी पीएसी बाराबंकी ष्आईष दल के आरक्षी रामबरन मौर्य, आशीष वर्मा, रूपेश यादव, ओम प्रकाश यादव के द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए सीपीआर दिया जिससे अनिल को 15–20 मिनट मे होश आ गया तथा उनके परिवार को सुपुर्द किया गया।बताया कि पीएसी बल महाकुंभ मेला में सहयोग, समर्पण, सतर्कता के साथ श्रद्धालुओं की मदद करने में अग्रणी रहा।पीएसी के 11 बाढ़ राहत दलों द्वारा महाकुंभ मेला में 150 से अधिक डूबते हुए श्रध्द्धालुओं को अपनी जान की परवाह किए बगैर पानी के तेज बहाव से बचा कर सुरक्षित लाया गया।9 जनवरी को रात्रि लगभग 9 बजे गंगा नदी के बीच में एक नाव पलट गयी जिसे पकड़कर 6 लोग (राकेश पुत्र महादेव उम्र 45 वर्ष, सोनकली उम्र 59 वर्ष, कलावती उम्र 57 वर्ष, कामिनी उम 10 वर्ष, शिवानी उम्र 9 वर्ष तथा दीपक उम्र 6 वर्ष निवासी बरौहुला थाना लालापुर जनपद प्रयागराज) पानी में बहने से बचने का प्रयास कर रहे थे। 12वीं वाहिनी फतेहपुर बाढ़ राहत दल के आरक्षी ओमपाल, विजय सिंह व पाली प्रभारी पीसी जयभ मिश्रा के साथ तुरन्त अतिरिक्त मोटर वोट लेकर घटनास्थल पर



पहुँचे और तत्काल उन्हें पानी से सकुशल निकालकर नाव में बैठाकर बाहर सेल्फी पॉइंट पर लाया गया।11 जनवरी को स्नान क्षेत्र फाफामऊ पर शालिनी उम्र 32 वर्ष, पुत्र आयुष्मान सिंह 13 वर्ष व पुत्री अवनि उम्र 8 वर्ष निवासी दिल्ली से महाकुंभ स्नान करने आई थी।अचानक 8 वर्षीय अवनि पुल से गंगा में गिर गयी, जिसको बचाने के लिये माँ शालिनी व पुत्र आयुष्मान गंगा में कूद गये और बहने लगे। मौके पर डियूटी में तैनात 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद बाढ़ राहत दल के मु०आ० जितेन्द्र सिंह राणा, आरक्षी आकिल अंसारी व आरक्षी कृष्ण कुमार द्वारा गंगा में तुरन्त कूदकर माँ व बच्चों को सकुशल बाहर निकाला। 20 जनवरी को हर्ष मिश्रा उम्र 25 साल S/O राकेश मिश्रा पता ग्राम जेठवर जिला प्रतापगढ़ संगम नदी में आत्महत्या के प्रयास से पुल न० 26 से संगम में कूद गया।उन्होंने बताया कि पुल न०26 संगम स्नान क्षेत्र झूसी साइड पर ड्यूटी में लगे 34 वीं वाहिनी पीएसी भुल्लनपुर वाराणसी बाढ़ राहत दल के आरक्षी मनीष कुशवाहा, धनंजय सिंह यादव, अनिल कुशवाहा, शुभम कुमार के द्वारा तुरन्त गंगा नदी में कूदकर जान की परवाह किये बगैर डूबते लड़के को बचा लिया। 20 जनवरी को ही पक्का घाट अरैल से एक नाव पर सवार शारदा मोती, सुमित्रा रामनाथ नाइक, फूलबाई, गुलाब सिंह, गोरेलाल, रामकिशोर (महाराष्ट्र) व हर्षित सिंह, संजय सिंह (संतकबीर नगर) तथा दो नाविक से भरी एक नाव का अचानक चापू टूटने के कारण नाव असंतुलित हो गयी, तथा धारा में बहनें लगी और डूबने लगी जिससे यात्री भयभीत होकर चिल्लाने लगे। सूचना मिलने पर तत्काल ड्यूटी में उपस्थित 36वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी बाढ़ राहत दल के आरक्षी शिव शंकर प्रजापति, आशीष, ज्योतिष कश्यप द्वारा अत्यंत सूझ बूझ का परिचय देते हुए और अपने प्राणों की बाजी लगा कर न केवल सकुशल सभी यात्रियों को अपने नाव के जरिये बारी बारी बचाया गया बल्कि नाविकों की भी मदद की गयी।23 जनवरी को यमुना नदी में किला घाट के नजदीक स्नानार्थियों से भरी एक प्राइवेट नाव का अचानक चापू टूटने के कारण नाव असंतुलित हो गयी, तथा धारा मे बहनें लगी और डूबने लगी जिससे यात्री भयभीत होकर चिल्लाने लगे। वही ड्यूटी पर तैनात चतुर्थ वाहिनी पीएसी प्रयागराज बाढ़ राहत दल के मुख्य आरक्षी अमृतलाल, आरक्षी राजन कुमार प्रजापति, संजय सिंह यादव के द्वारा जान की परवाह किये बैगर नाव पर बैठे स्नानार्थियों को सकुशल बचाया गया तथा प्राथमिक उपचार दिया गया।29 जनवरी को महाकुंभ मेला में पीपा पुल 12 से लेकर पीपा पुल 19 के बीच एक नागा बाबा जो पानी के अंदर लगी जेटी के उस पार स्नान करने के लिए जेटी से कूद गए और गहरे पानी में चले गये जिससे तेज बहाव में बहकर डूबने लगे। ड्यूटी में मौजूद 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ बाढ़ राहत दल के आरक्षी शिवांत, विक्रम सिंह, सचिन यादव , रोहित कुमार वर्मा द्वारा अदम्य साहस का परिचय देते हुए नदी में छलांग लगा कर उक्त नागा साधु को सकुशल बाहर निकाल लिया गया।11 फरवरी को महाकुंभ मेला में आई दुर्गा देवी निवासी सासाराम बिहार से जो कुंभ में स्नान करने के बाद बेहोशी की हालत में मिली।पूल संख्या 9 व 10 पर ड्यूटी में तैनात 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर नगर बाढ़ राहत दल के आरक्षी रवि कुमार व नीरज कुमार के द्वारा सीपीआर देकर उनकी जान बचाई।बताया कि पीएसी के जवानों द्वारा महाकुंभ मेला में 390 से अधिक बिछड़े परिवार के सदस्यों को उनके परिवार से मिलवाया वही महाकुंभ मेला 80 से अधिक श्रद्धालुओं को त्वरित कार्यवाही करते हुये प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल में भर्ती कराया गया।पीएसी बल के जवानों घ्द्वारा महाकुंभ मेला में विभिन्न चौराहों पर श्रद्धालुओं का मार्ग प्रशस्त किया गया।पीएसी बल के जवानों द्वारा महाकुंभ मेला में विभिन्न श्रध्द्धालुओं के कीमती सामान जैसे पर्स, मोबाइल, रुपए आदि श्रद्धालुओं को वापस दिलवाने में मददगार रहा।पीएसी बल के जवानों द्वारा महाकुंभ मेला में श्रद्धालुओं की सीपीआर देकर उनकी जान बचाई गई। बताया कि पीएसी बल के जवानों द्वारा महाकुंभ मेला में 20 से अधिक राज्यों तथा 10 से अधिक देशों से आये श्रध्द्धालुओं की मदद की गयी। पीएसी बल के जवानों द्वारा मार्ग व्यवस्था बनाये रखने एवं जाम की समस्या के निराकरण के लिये प्रमुख महत्वपूर्ण संवेदनशील स्थानों पर विशेष ड्यूटी सम्पादित की गयी।व्यवस्था बनाये रखने एवं जाम पर नियंत्रण के लिये जगह–जगह लाउडहेलर, रिफ्लैक्टिव टेप, सेफ्टीवार टार्च, बैरियरों, रस्सों आदि का प्रयोग किया गया।पीएसी बल के जवानों घ्द्वारा प्रतिदिन आने वाले करोड़ों श्रध्द्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम स्नान कराकर उनकी सकुशल वापसी सुनिश्चित करायी जा रही है तथा जाम की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण किया जा रहा है।पीएसी बल के जवानों द्वारा रेलवे स्टेशन पर भीड़ के दबाव को कम करने के लिये आपातकालीन योजना के अंतर्गत श्रध्द्धालुओं के डायवर्जन तथा उन्हें होल्डिंग एरिया में कुछ समयावधि के लिये ठहराने की योजना पर प्रभावी कार्य किया गया।15 जनवरी को बेंगलुरु से आयी महिला श्रध्द्धालु श्रीमती शोभा का एक्सीडेंट प्रयागराज जंक्शन गेट नंबर 05 पर हो गया था जिससे उनके सिर पर चोट लग गयी, 33वीं वाहिनी पीएसी झाँसी एफ दल के आरक्षी सुरजीत यादव द्वारा एम्बुलेंस की मदद से उनको अस्पताल पहुंचाया तथा उनको प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करायी। इसी दिन जर्मनी से आये हुए श्रद्धालु जो कि रास्ता भटक गए थे जिन्हे नवावगंज जाना था, डियूटी पर उपस्थित 28वीं वाहिनी पीएसी इटावा एच दल के आरक्षी राजू सिंह द्वारा टैक्सी बुक करवाकर यथा स्थान नवावगंज पहुंचाने में मदद की गयी24 जनवरी को संगम मार्ग पर विवेक भारती को कार चलाते समय मिर्गी का दौरा पड़ा।ड्यूटी पर तैनात 47 वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद जी दल के आरक्षी गुरदीप, कपिल कुमार ने अस्पताल ले जाकर ट्रीटमेंट दिलवाया और उसके घर वालों को सूचना दी और ठीक होने पर उसको उसकी कार के साथ भेजा। 29 जनवरी को महाकुंभ मेला में प्रधान चौराहा पर बुजुर्ग महिला लक्ष्मी जो हार्ट और सुगर पेशेंट हैं, जो भीड़ में बेहोश मिली।ड्यूटी में मौजूद 44 वी वाहिनी पीएसी मेरठ एच दल के शिवांक शर्मा के त्वरित कार्यवाही करते हुए एम्बुलेंस को सूचित किया और प्राथमिक इलाज के लिए नजदीकी नीलू हॉस्पिटल में ले जाया गया तथा परिवार जनों को सूचित किया।रीता निवासी रूस से अपने साथियों के साथ संगम स्नान के लिए जा रही थी रात का समय वह अपने साथियों से विछड़कर भटक गयी और पाल बस्ती मवैया में पहुंच गयी सुनसान रास्ते देखकर वह डर गयी तभी ड्यूटी में मौजूद 33 वीं वाहिनी पीएसी झांसी ई दल के आरक्षी अमरदीप द्वारा उनसे इंग्लिश में बात कर उनके साथियो से सम्पर्क किया व उनके साथी गाइड के सहायता से लोकेशन पर पहुँचे।इसी दिन 29 जनवरी को महाकुंभ मेला में महिला चरना राजभर (उम्र 55) जो ग्राम अमीना जनपद गाजीपुर उत्तर प्रदेश की रहने वाली है जो पुल नंबर 29 सेक्टर 25 से अपने परिवार और बेटी चिंता देवी से बिछड़ गई थी।ड्यूटी में मौजूद 42 वीं वाहिनी पीएसी नैनी प्रयागराज ई दल पीसी श्री अर्पित घ्द्विवेदी के नेतृत्व में आरक्षी नीलेश कुशवाहा, अजय यादव और अरविंद चौहान के द्वारा संचार माध्यम से इनके ग्राम प्रधान का नंबर निकाल कर इनकी बेटी से संपर्क कर उनकी बेटी को सकुशल सुपुर्द किया गया। 03 फरवरी को महाकुंभ मेला में मामा भांजा चौराहा से अरेल घाट के रास्ते पर राजकुमारी यादव निवासी भानसोच, आरंग, रायपुर छत्तीसगढ़ अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट होने के कारण महिला जमीन पर गिर गई। ड्यूटी पर मौजूद 15 वीं वाहिनी पी ए सी आगरा डी दल के आरक्षी प्रशांत कुमार, रवेन्द्र सिंह पास गए और तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर भूमि हॉस्पिटल में भर्ती कराया।05 फरवरी को महाकुंभ मेला में लक्ष्मीघ्द्वार एंट्री प्वाइंट थाना भारघ्द्वाज पर 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्ध नगर ए दल के आरक्षी अनमोल बलियान, विनीत कसाना, राहुल कुमार, प्रदीप कुमार, नूरहसन घ्द्वारा सराहनीय काम करते हुए महिला अर्चना पंवार निवासी धारवाड़, कर्नाटक, की सोने की अंगूठी (उग्राम) जो की एक ठगी बाबा घ्द्वारा चंगुल में फंसाकर ले ली गई थी। अंगूठी को सकुशल महिला को वापिस करवाया गया।महाकुंभ मेला में प्रीति देवी निवासी नैनी प्रयागराज सोमेश्वर घाट पर स्नान करते समय उनके बैग, जिसमें साड़ी और बच्चों के कपड़े थे, एक महिला संतोष भारती जो नई बस्ती मुखिया नगर, नैनी प्रयागराज रहने वाली है समान चुराकर भाग रही थी।ड्यूटी पर तैनात 42 वीं वाहिनी पीएसी नैनी प्रयागराज सी दल के आरक्षी पंकज कुमार गौण, चंद्रजीत यादव और राकेश कुमार यादव की सतर्कता से उक्त महिला को पीपा पुल नं 27 के पास पकड़कर सोमेश्वर थाने लाया गया और उसके सामान को सुपुर्द किया गया।13 फरवरी को महाकुंभ मेला में मामा आंजा चौराहा पर अनुपम सौगोरा निवासी रीवा मध्य प्रदेश एवं बबलू निवासी ठवा, चाका ब्लॉक मध्य प्रदेश से आये श्रध्द्धालुओं का एक्सीडेंट हो गया। ड्यूटी पर तैनात 15वीं वाहिनी पीएसी आगरा डी दल के आरक्षी राजाराम व पवन कुमार ने तत्काल एम्बुलैंस बुलाकर नजदीकी अस्पताल में एडमिटध्उपचार कराया गया।17 फरवरी को महाकुंभ मेला में पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत अपनी पत्नी, दिनेश राठौर निवासी जयपुर राजस्थान का पर्स जिसमें 1). आईफोन 15, 2). आईफोन 14 कीमत लगभग 1,60,000.00 रुपये, 3) 69000.00 रुपये नगद, 4) सोने की एक जंजीर व दो अंगूठी कीमत 2,70,000.00 रूपये, 5) एक ए.टी. एम. sbi, 6) वोटर कार्ड खो गया था। ड्यूटी चेकिंग के दौरान 42वीं वाहिनी पीएसी नैनी प्रयागराज के शिविरपाल श्री अरविन्द कुमार सिंह को अरैल घाट पर यह पर्स मिला। पर्स में मिले मोबाइल घ्द्वारा श्रध्द्धालु से सम्पर्क कर उन्हें यथा स्थान बुला कर पर्स सुपुर्द किया गया। पीएसी बल महाकुंभ मेला में श्रध्द्धालुओं की मदद करने में नागरिक पुलिस, अग्निशमन विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के साथ सरहानीय भूमिका निभाई।

## नए अधिवक्ता कानून को वापस लेने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर ,01 मार्च। नए अधिवक्ता कानून 2025 के विरोध में दीवानी बार एसोसिएशन के सैकड़ों अधिवक्ताओं ने शनिवार को ट्रिब्यूनल न्यायालय कोर्ट के बाहर प्रदर्शन करते हुए काले कानून को वापस लेने की मांग किया। वकीलों का कहना है कि नया कानून उनके काम में बाधा उत्पन्न करेगा। उन्होंने सरकार विरोधी नारे लगाए। अधिवक्ता बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अगर सरकार यह कानून वापस नहीं लेती है तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।

वकीलों ने चेतावनी दी है कि वे सरकार की आय के सभी स्रोतों को प्रभावित करेंगे। साथ ही सभी सरकारी कार्यालयों का घेराव करेंगे। उन्होंने रेल रोको आंदोलन की भी चेतावनी दी है।इस दौरान भारी संख्या में अधिवक्ता एकत्रित रहे।

## अजनबी दर्शनार्थी की मदद करके मिशाल बना अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। आज जहा भागदौड़ भरी भीड़ में लोग एक दूसरे को नजरअंदाज करते हैं ऐसे मे मानवता की मिशाल बना अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के सदस्य, और डॉ अभय प्रताप सिंह, शुक्रवार की रात के 9 बजे अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के सदस्य अंकित गुप्ता रामदयाल गंज बाजर में किसी कार्य से गए थे! तभी राजस्थान से दो टूरिस्ट की बस काशी विश्वनाथ मंदिर से दर्शन करके अयोध्या धाम जा रही थी, कुछ दर्शनार्थी उतर कर चाय नास्ता कर के जब जाने लगे तो उसी मे एक सवारी नरेश सोनी राजस्थान उम्र 45 वर्ष फिसल कर गिर गए, जब लोगों ने देखा तो उनके हाथ में फ्रेक्चर हो गया था, तुरंत अंकित गुप्ता ने ट्रस्ट अध्यक्ष उर्वशी सिंह से बात किया, अंकित ने अपने वाहन से बैठाकर जौनपुर एस आर एस हॉस्पिटल लेके पहुचे जहा, डॉक्टर अभय प्रताप सिंह ने मानवता और अतिथि देवो भव के नक्शे कदम पर कोई शुल्क या फीस ना लेकर निःशुल्क पूरा इलाज किया ।टूरिस्ट नरेश सोनी ने कहा कि आज के समय में बिना स्वार्थ के कोई किसी की मदद नहीं कर्ता है ऐसे में एक अंजान शहर में आपके अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के साथ डॉ अभय प्रताप सिंह ने इतना सहयोग और मदद किया जिसे हम आजीवन नहीं भूलेंगे मुझे लगा ही नहीं कि हम किसी दूसरे राज्य और अंजान शहर में है, भविष्य में मौका मिला तो फिर आप सभी से मिलने जौनपुर जरूर आयेंगे! आप सभी के समाज मे सेवा की तत्परता देखकर अच्छा लगा कि इतनी रात में भी किसी की मदद के लिए सक्रिय हो गए, नहीं तो पता नहीं हम लोग क्या करते, अच्छा लगा जानकर आज भी ऐसे लोग है! अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार सदैव अपने सराहनीय और नेक कार्यो के लिए शहर में एक सम्मानित स्थान रखता है, ट्रस्ट द्वारा सदैव लोगों की सेवा और ब्लड डोनेशन का कार्य भी करती रहती है!

## पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा रमजान एवं ईद उल फित्तर-2025 आदि त्योहारों के अवसर पर सुदृढ सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में दिये गये दिशा - निर्देश

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। प्रशान्त कुमार, पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० द्वारा समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक/ पुलिस आयुक्त, परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक, प्रभारी जनपद उ०प्र० को रमजान माह एवं ईद उल फितर–2025 आदि त्योहारों के अवसर पर सुदृढ़ सुरक्षा एवं कानून–व्यवस्था के सम्बन्ध में मुख्यतः निम्न बिन्दुओं पर दिशा–निर्देश दिये गयेः–

’ प्रत्येक थाने पर उपलब्ध त्योहार रजिस्टर एवं रजिस्टर नं0–8 में उपलब्ध प्रविष्टियों का अध्ययन कर लिया जाय तथा असामाजिक/ अवॉछनीय तत्वों की सूची को अद्यावधिक करते हुए आवश्यकतानुसार उनके विरूद्ध कड़ी निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

’ समस्त कार्यक्रम के आयोजकों, पीस कमेटी एवं धर्मगुरूओं आदि के साथ गोष्ठी कर ली जाये। गोष्ठी में सम्बन्धित मजिस्ट्रेट एवं अन्य विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर त्योहारों से सम्बन्धित समस्त समस्याओं का समाधान समय से करा लिया जाय।

’ रमजान माह में विभिन्न कार्यक्रमों जुलूसों के मार्ग पर वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर से भ्रमण व समुचित पुलिसध्पीएसी बल एवं उपलब्ध सीएपीएफ के साथ फ्लैग मार्च कराया जाये।

’ ड्रोन कैमरे के माध्यम से आयोजन स्थलों, संवेदनशील स्थानों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों की निगरानी की जाये तथा जुलुस के मार्गों एवं हॉट स्पाट पर प्रर्याप्त/सुदृढ़ पुलिस प्रबन्ध किया जाये।

’ दंगा नियंत्रण उपकरणों की गुणवत्ता, उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाये तथा उन्हें महत्वपूर्ण स्थानों पर स्ट्राइकिंग रिजर्व के साथ व्यवस्थापित किया जाये।

’ जनपद में उपलब्ध पुलिसबल की समीक्षा कर ली जाये एवं अधिकाधिक संख्या में पुलिस बल का शांति व्यवस्था बनाये रखने में उपयोग किया जाये।

’ मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में समुचित पुलिस प्रबन्ध कर सतर्क दृष्टि रखी जाये तथा समाज में विद्वेष फैलाने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

’ जनपद में स्थापित सीसीटीवी कैमरो को सूचीबद्ध करते हुए सक्रिय रखा जाये तथा जहाँ भी वृहद कार्यक्रम आयोजित हो वहाँ नये सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराते हुए निगरानी रखी जाये एवं नियमित मोबाइल गश्तध्फुट पेट्रोलिंग करायी जाये।

’ यू०पी० 112 के वाहनो का व्यवस्थापन संवेदनशील मार्गो, स्थलों पर किया जाये तथा पीआरवी वाहनो के कर्मियों को विधिवत ब्रीफ कर दिया जाये।



’ सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों जैसे– फेसबुक /इन्स्टाग्राम/ ट्वीटर/व्हाट्सएप आदि पर सतर्क दृष्टि रखा जाये, असत्य एवं भ्रामक सूचना प्रसारित होने पर तत्काल उसका प्रभावी खण्डन किया जाये।

’ समस्त जनपदों में पोस्टर पार्टी का गठन कर प्रातःकाल समस्त धार्मिक स्थलों की नियमित चेकिंग सुनिश्चित की जाये।

’ नियंत्रण कक्ष/उप नियंत्रण कक्ष सुचारू रूप से व्यवस्थापित किये जाने तथा त्वरित सूचना प्रेषण एवं उस पर कार्यवाही की सुदृढ़ प्रक्रियायें निर्धारित की जायें।

’ आसूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय/सतर्क रखा जाय तथा विभिन्न असामाजिक, अवॉछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए छोटी से छोटी सूचना को भी अत्यन्त गम्भीरता से लेते हुये तत्परता पूर्वक यथोचित वैधानिक कार्यवाही की जाये।

उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये।

## विरोधियों ने महाकुंभ के दुष्प्रचार का कोई मौका चूका नहीं - योगी आदित्यनाथ

महाकुंभ नगर (उप्र), (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि महाकुंभ जैसा इतना विशाल समागम दुनिया में कहीं नहीं हुआ लेकिन विरोधियों ने इसके दुष्प्रचार का कोई मौका नहीं चूका। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने यहां स्वच्छता और स्वास्थ्य कर्मियों के सम्मान के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "महाकुंभ में 66 करोड़ 30 लाख श्रद्धालु आए, जिसमें अपहरण, लूट, छेड़छाड़ और दुष्कर्म की कोई घटना नहीं हुई।" उन्होंने कहा, "कोई ऐसी घटना नहीं हुई जो विरोधियों को दूरबीन और माइक्रोस्कोप लगाकर भी ढूंढने से मिल सके। विरोधियों ने दुष्प्रचार का कोई मौका चूका नहीं। जिन्हें यह आस्था का महासमागम अच्छा नहीं लगा, उन्होंने कोई मौका नहीं चूका।" मुख्यमंत्री ने कहा, "मौनी अमावस्या पर आठ करोड़ श्रद्धालु यहां पर थे। हमारी प्राथमिकता थी कि इन श्रद्धालुओं को सकुशल स्नान कराके उन्हें उनके गंतव्यों तक पहुंचाया जाए। लेकिन विरोधी और विपक्षी लगातार दुष्प्रचार कर रहे थे और अपमानित करने की का उपयोग कर रहे थे।" उन्होंने कहा, "कोई काहिरा की घटना का दृश्य दिखाकर प्रयागराज को बदनाम कर रहा था। मौनी अमावस्या पर 28–29 जनवरी की रात को दुखद घटना घटित हुई थी। उन सभी लोगों के परिजनों के प्रति हमारी संवेदना है।

# संपादकीय

## कामयाबी का जनोत्सव

सरकारी आंकड़ों पर विश्वास करें तो इस महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों ने गंगा–यमुना व अदृश्य सरस्वती के संगम पर महाकुंभ के दौरान डुबकी लगायी। एक भगदड़ की घटना में कुछ श्रद्धालुओं का असमय काल–कवलित होना दुखद ही था। कुछ अग्निकांड भी हुए। लेकिन यदि बात करोड़ों श्रद्धालुओं के संगम में स्नान व उनके आने–जाने व रहने की व्यवस्था की हो तो योगी सरकार अपनी पीठ थपथपा सकती है। रूस–अमेरिका जैसी महाशक्तियों की आबादी से अधिक जनसंख्या का प्रबंधन निश्चय ही एक बड़ी चुनौती थी। ऐसे दौर में जब उपभोक्ता संस्कृति सिर चढ़कर बोल रही है, तब सनातन संस्कृति का ऐसा उफान चौंकाता है। जिसमें लोग तमाम कष्ट सहकर संगम में डुबकी लगाने को आतुर दिखे। त्याग–संयम से परिचित कराना कुंभ संस्कृति का उद्देश्य भी रहा है। इस तरह हमने अपने पुरखों की गौरवशाली विरासत का सम्मान किया। जिसमें सदियों से करोड़ों लोग बिना चिट्ठी–पत्री के स्वतरूस्फूर्त भाव से कुंभ के मेले में जुटते रहे हैं। भारतीय संस्कृति में ऐसी क्या खासियत है? महाकुंभ जैसे इतने बड़े आयोजन कैसे सफलतापूर्वक होते हैं? यह देखने पूरी दुनिया के जिज्ञासु, विभिन्न धर्मों के अनुयायी, फोटोग्राफर और पत्रकार सदियों से महाकुंभ में जुटते रहे हैं। महाकुंभ के सफल आयोजन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महाकुंभ ने पूरी दुनिया को युग–परिवर्तन की आहट और विशाल आयोजन की क्षमता से रूबरू कराया है। महत्वपूर्ण यह है कि तीर्थयात्रियों ने जिस तरह दिल खोल कर खर्च किया, वो निश्चय ही उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का तारणहार बनेगा। बताते हैं कि इससे प्रदेश की जीडीपी में करीब साढ़े चार लाख करोड़ रुपये का इजाफा होगा। जो देश की तमाम देशी–विदेशी इनवेस्ट समिटों से कहीं ज्यादा ठोस आय का स्रोत बना है। कई गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इस महाकुंभ के नाम हुए। वीरवार को तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाणपत्र मुख्यमंत्री योगी को सौंपे गए। विपक्ष, खासकर सपा व कांग्रेस कुंभ आयोजन को लेकर हमलावर रहे हैं। वहीं शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने महाकुंभ के समापन पर कहा कि ये सरकारी महाकुंभ है। असली कुंभ तो माघ पूर्णिमा को ही संपन्न हो चुका था। इस बार के महाकुंभ को टेक्नोलॉजी के महाकुंभ के रूप में भी याद किया जाएगा। महाकुंभ में विशेष एल्गोरिदम के जरिये इस्तेमाल पांच सौ एआई कैमरे क्राउड डेंसिटी व फैशियल रिकग्निशन के लिये इस्तेमाल किए गए। जिसके जरिये करोड़ों श्रद्धालुओं की गिनती संभव हुई। वहीं बिछुड़ों को परिजनों से मिलाने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। निस्संदेह, इतने बड़े जनसैलाब को संभालना किसी भी सरकार के लिये बड़ी चुनौती होती है। लेकिन भविष्य में महाकुंभ के आयोजन के लिये प्रयागराज महाकुंभ के अनुभवों से सबक लेने की जरूरत है। इस बात का वैज्ञानिक अध्ययन होना चाहिए कि भगदड़ को कैसे टाला जाए। आखिर क्यों दो सौ– तीन सौ किलोमीटर के जाम लगते रहे हैं। कैसे ट्रेनों का संचालन बिना किसी व्यवधान के किया जाए। हालांकि, 16 नई ट्रेनें चलाने की बात कही गई, लेकिन तमाम स्टेशनों पर ट्रेन में चढ़ने के लिये मारामारी होती रही है।

# चॉकलेट और ऐतिहासिक धरोहर मिलकर बनाते हैं अनोखी पहचान



अमिताभ

दुनिया की नामी बीयर, चॉकलेट, आसमान छूते गिरिजाघर, हीरे, क्रिस्टल क्लीयर नहरें, रौनक भरे स्क्वेयर और पत्थरदार गलियां बेल्जियम की खासियतों में शुमार हैं। बेल्जियम की राजधानी बेशक ब्रसेल्स है, लेकिन एंटवर्प, बुर्ज और गेंट नाम के 3 शहर मिलाकर उभरती है बेल्जियम की फ्लैंडर्स सिटीज की तिगड़ी। तीनों एक–दूसरे से ज्यादा दूर भी नहीं हैं– महज 40–40 मिनट की ट्रेन दूर पर हैं। हर शहर अपना अलग चरित्र और कशिश समेटे है। घ्फ्लैंडर्स सिटीज में घूमने–फिरने की सुविधा के लिए डी लिज्न लोकल ट्रांसपोर्ट मुहैया करता है। करीब 6 यूरो (575 रुपये) का डे–ट्रेवल कार्ड लीजिए और बस, ट्राम या मेट्रो में बेरोक–टोक घूम–फिर सकते हैं। फिर भी, फ्लैंडर्स सिटीज में आने–जाने के लिए ट्रेन सबसे बेहतर है। सभी शहरों का आकर्षण टाउन स्क्वेयर के इर्द–गिर्द फैले दायरे तक ही सीमित है। मजे–मजे पैदल ही टहलते–टहलते लुत्फ उठा सकते हैं। शहरों की बनावट ही ऐसी है कि हर किसी को पैदल और साइकिल पर घूमना–फिरना ज्यादा आरामदेह लगता है। वहां टहलते हुए, भारतीयों को लगता है कि हमारे देश में ऐसे पैदल चलने को प्रोत्साहिक करने वाले शहर क्यों नहीं बनाए गए। यूरोपीय देशों के तरह बेल्जियम में साफ–सफाई देखकर आंखें चकाचौंध हो जाती हैं। लोग और प्रशासन भी सफाई के मामले में अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाते हैं। ब्रसेल्स समेत फ्लैंडर्स सिटीज दिलकश जलवा पेश करती हैं। ब्रसेल्स के बड़े आकर्षण में सिटी स्क्वेयर है, और सिटी स्क्वेयर के बीचोंबीच टाउन हॉल 14वीं सदी की भव्य इमारत की शोभा आज भी देखने लायक है। इमारत की भव्यता और चकाचौंध दंग कर देती है। यही नहीं, एटम, ग्रैंड प्लेस, बूरेन म्यूजियम, मोंटडेस आर्ट म्यूजियम, रॉयल पैलेस, स्टॉक एक्सचेंज बिल्डिंग, पैलेस ऑफ जस्टिस वगैरह भी पर्यटक दिलचस्पी से देखते हैं, या देखना चाहते हैं। सू–सू करती बच्चे की प्रतिमा 'मेनिकन पिस' तो लैंडमार्क है। इससे जुड़ी कई कही–सुनी बातें, किस्से और कहानियां प्रचलित हैं। घ्बेल्जियम का दूसरा बड़ा शहर एंटवर्प दुनिया के सबसे बड़े हीरा उद्योग का केंद्र है। इसे यूरोप का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह होने का रुतबा भी हासिल है। उधर बुर्ज को इटली के वेनिस का मिनीएचर रूप कह सकते हैं। सड़कों से ज्यादा दरिया और पुल हैं। खूबसूरती ऐसी कि देखते रह जाते हैं। बुर्ज यूरोप के चुनींदा पुराने शहरों में से एक है। छोटा–सा है और एक दिन के डे–टूर के लिए बेस्ट है। मध्यकालीन वास्तुकला, स्वादिष्ट खाना–पानी और म्यूजियमों के शहर के तौर पर पहचाना जाता है। यूं भी, बेल्जियम आए पर्यटक बुर्ज की सैर को सबसे ऊपर रखते हैं। ग्रोट मार्केट स्क्वेयर तो खूब रौनकी जगह है। यहां के तमाम कैफे–रेस्टोरेंट खासे महंगे हैं। बेल्जियम का एक और आकर्षक शहर है गेंट। यह यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों में शामिल है। इसे रोमांस का शहर भी कहते हैं क्योंकि हरदम जोड़ों का जमघट रहता है। हवा में ही रोमांस तैरता है। गेंट के बीचोंबीच लेई नदी बहती है। इसके साथ–साथ पैदल चलिए या बोटिंग का लुत्फ उठाइए, शर्तिया आनंद आ जाता है। सेंट माइकल पुल के ऊपर से गुजरकर ही शानदार अनुभव किया जा सकता है। ओल्ड टॉवर, सेंट बावोकैथेड्रल ऑफ द काउंटी वगैरह भी खासमखास आकर्षण हैं। गेंट की प्राचीन इमारतों के साथ–साथ नाइट लाइफ कम रोमांचित नहीं करती। बेल्जियम बीयर पीने वालों का मनपसंद देश है। दुनियाभर की नामी–गिरामी बीयर तो मिलती ही हैं। ड्रवेल, चिमेय, लैफे, जूपिलर, डेलिरियम, ला चॉइस, बुर्ज ट्रिपल वगैरह बेल्जियम की अपनी विश्व प्रसिद्ध बीयर हैं। 'बीरा' तो नम्बर वन है ही। लेडीज स्पेशल बीयर 'क्रीक' भी खूब पी जाती है, शायद बेल्जियम के बाहर कहीं नहीं मिलती। एक और खास बात है कि हर बीयर के लिए अपना अलग शेप का गिलास है, और हर बीयर केवल उसी गिलास में सर्व और पी की जाती है। फ्रेंच फ्राइज की तरह बेल्जियम फ्राइज भी कम चाव से नहीं खाए जाते। हैं आलू के चिप्स ही, लेकिन फ्रेंच फ्राइज से थोड़े मोटे हैं। और हां, 'गुडिवा' ठेठ बेल्जियम की चॉकलेट है। वॉफल तो है ही बेल्जियम की स्वीट डिश। मैदे में चीनी, दूध, बटर ऑयल और वनीला या चॉकलेट पाउडर के गाढ़े घोल को वॉफल मैकर में डाल कर मिनटों में लाइव बनाते हैं। आमतौर पर, गर्म वॉफल पर नट्स, न्यूट्रेला, चोकोचिप, मैपल, जेम्स वगैरह की टॉपिंग कर आइसक्रीम के स्कूप के साथ पेश करते हैं। बेल्जियम के शहर–शहर में ओपन बार और कैफेटेरिया की बहार है। स्ट्रीट साइड पर कहीं भी बैठ कर मजे–मजे खा–पी सकते हैं। कीमत ज्यादातर सभी में एक जैसी है। फिर भी, किफायती फास्ट फूड के लिए 'क्विक' लोकल बर्गर फूड आउटलेट शृंखला है, तो 'पेनोज' लोकल बेकरी की। 'रिले' डिपार्टमेंट स्टोर्स की शृंखला मशहूर है। गेंट स्क्वेयर के नजदीक 'मोका बॉन' में बेल्जियम की वन ऑफ द बेस्ट कॉफी की चुस्कियां भर सकते हैं। बुर्ज में 'माउंट गोरखा' और एंटवर्प में 'ओनली कबाब' रेस्टोरेंट्स के फ्रेश कुक नॉन वेज की की धूम रहती है। यूरोप के उत्तर–पश्चिम–वेस्ट में बसा है बेल्जियम। इसे 'किंगडम ऑफ बेल्जियम' भी कहते हैं। वर्ष 1830–31 में बेल्जियन क्रांति के बाद बेल्जियम नीदरलैंड से आजाद हुआ था। और किंगडम ऑफ बेल्जियम बन गया। तभी से ब्रसेल्स को राजधानी का दर्जा मिलता है। बेल्जियम के राजा का निवास रॉयल पैलेस है। यह लंदन के बकिंघम पैलेस से 50 फीसदी बड़ा है। करेंसी यूरो है। आजकल एक यूरो कघ्रीब 90 रुपये का है। बोलचाल व कामकाज की भाषाएं डच, फ्रेंच और जर्मन हैं। लोकल निवासी अपनी फ्लैंडिश भाषा भी इस्तेमाल करते हैं।

# यूक्रेन के दुर्लभ खनिज पर अमेरिकी गिद्ध दृष्टि

पुष्परंजन

शुक्रवार को पूरी दुनिया की निगाहें व्हाइट हाउस में होने वाली एक डील पर होंगी, जिसे एक देश पर थोपा जाना है। अमेरिका जिन देशों को आर्थिक मदद देता है, उसे किस रूप में वसूलता है, यह देखने के लिए भारत के लोग भी तैयार हो जाएं। यूक्रेन की लीडरशिप के लिए आगे कुआं–पीछे खाई वाली स्थिति है। जेलेंस्की पुतिन से बचने के वास्ते अमेरिका से मदद की अपेक्षा कर रहे थे, ट्रंप ने भूखे हिंस्र जंगल के राजा की तरह 'मेमने' को दबोच लिया। ट्रंप ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा, 'मैंने सुना है कि वह शुक्रवार को आ रहे हैं। निश्चित रूप से, अगर वह चाहें तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है। ट्रम्प ने कहा, कि यह डील एक ट्रिलियन डॉलर तक की हो सकती है, इससे अमेरिकी करदाताओं को उनका पैसा वापस मिल जाएगा।' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था, कि अमेरिका और यूक्रेन ने महत्वपूर्ण खनिजों के सौदे के मसौदे पर सहमति जताई है, जिसकी कीमत लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर हो सकती है। यह सौदा यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की द्वारा पहले के मसौदे को अस्वीकार करने के एक सप्ताह बाद हुआ है। ट्रम्प ने मंगलवार को ओवल ऑफिस में संवाददाताओं से कहा कि जेलेंस्की शुक्रवार को वाशिंगटन आकर एक 'बहुत बड़ी डील' पर हस्ताक्षर करना चाहते हैं। बुधवार शाम को, जेलेंस्की ने कहा कि यह अमेरिका के साथ सहयोग के लिए एक आर्थिक ढांचा है, जिसमें अभी तक कोई अमेरिकी सुरक्षा गारंटी शामिल नहीं है। पिछले हफ्ते जेलेंस्की ने एक पुराने ड्राफ्ट को अस्वीकार कर दिया था, क्योंकि इसमें यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी के बारे में विवरण नहीं था। ट्रंप अब भी बदले नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने बुधवार को कहा, 'मैं बहुत ज्यादा सुरक्षा गारंटी नहीं देने जा रहा हूं। हम यूरोप से ऐसा करवाने जा रहे हैं।' नोक–झोंक में ट्रम्प ने जेलेंस्की को 'तानाशाह' तक कह डाला था। सोमवार को, जेलेंस्की ने कहा था कि मैं शांति के लिए इस्तीफा देने के लिए तैयार हूं। जेलेंस्की ने मांग की, कि यूक्रेन को अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की सदस्यता दी जानी चाहिए। लेकिन, वाशिंगटन ने नाटो का सदस्य बनने की मांग को 'अवास्तविक' करार दिया है। अमेरिका की गिद्ध दृष्टि यूक्रेन की दुर्लभ खनिज संपदा पर है। दुर्लभ मृदा खनिज वैश्विक स्तर पर पृथ्वी के गर्भ में पाए जाने वाले 17 भारी धातुओं का एक समूह है। नियोडिमियम, लैंथेनम, सेरियम, प्रेजोडियम, यिट्रियम, टेरबियम और यूरोपियम जैसे कुछ दुर्लभ मृदा तत्वों का उपयोग कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, टेलीविजन, मोबाइल स्क्रीन और कैमरा लेंस जैसे उच्च तकनीक वाले उत्पादों के निर्माण में किया जाता है। वर्तमान में, ऐसे दुर्लभ खनिजों का सबसे बड़ा उत्पादक चीन है, जो दुनिया की आपूर्ति का कम से कम 60 प्रतिशत निकालता है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, 2024 में अमेरिका अपनी 80 प्रतिशत दुर्लभ खनिजों की जरूरतों के लिए चीन, मलेशिया, जापान और एस्टोनिया पर निर्भर था। कीव के साथ दुर्लभ खनिजों का सौदा करने के पीछे की मंशा, अमेरिका को बड़ी तकनीक का अधिकेंद्र बनाना है। अपने अभियान के दौरान, ट्रम्प ने एक अन्य करीबी सहयोगी ताइवान पर अमेरिका के चिप व्यवसाय को चुराने का भी आरोप लगाया था। टैरिफ की धमकियों के बीच, ताइवान ने अमेरिका में निवेश बढ़ाने का वादा किया। इस महीने की शुरुआत में, ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा था, कि हम यूक्रेन को वाशिंगटन द्वारा भेजे गए ।

## ..........स्वास्थ्य..........

# जल्दी शादी करने की बजाय Sperm freezing करवा रहे पुरुष

अकसर हमने लोगों के मुंह से यह कहते सुना है कि जल्दी शादी कर लो नहीं तरे बच्चा पैदा करने में मुश्किल आएगी। कुछ लोग इसी डर से शादी कर लेते हैं, इस तरह की असमंजस में फसे लोगों की मदद साइंस कर रहा है। कुछ सालों से बहुत से पुरुष शस्पर्म फ्रीजिंगश की तरफ अपने कदम बढ़ा रहे हैं। यह एक सुरक्षित और कारगर विकल्प बन गया है, इससे पुरुष भविष्य में अपनी फैमिली प्लानिंग को सुरक्षित रख सकते हैं।

स्पर्म फ्रीजिंग की क्या है वजह

आज के समय में पुरुषों की प्रजनन क्षमता तेजी से घट रही है। शोध बताते हैं कि पिछले 50 वर्षों में



पुरुषों के स्पर्म काउंट में लगभग 50: की गिरावट आई है। यह एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है, जिससे बांझपन और गर्भधारण में दिक्कतें आ रही हैं। ऐसे में पुरुष अपने स्वस्थ शुक्राणुओं को भविष्य में उपयोग के लिए संरक्षित कर सकते हैं। वहीं पति की मौत के बाद उसके जमा स्पर्म से पत्नी भी गर्भधारण कर सकती है, पिछले कुछ समय से ऐसे मामले भी देखने को मिले जहां मरने के बाद इंसान पिता बना। यानी कि मौत के बाद भी व्यक्ति के स्पर्म उसका वंश बढ़ा रहे हैं। स्पर्म काउंट घटने के मुख्य कारण

– अत्यधिक मानसिक तनाव स्पर्म उत्पादन और टेस्टोस्टेरोन हार्मोन को प्रभावित करता है।

– वायु प्रदूषण और प्लास्टिक में मौजूदकेमिकल्स शुक्राणुओं की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

– अधिक मोबाइल फोन का इस्तेमाल और लैपटॉप को गोद में रखने से ''स्पर्म काउंट पर असर पड़ता है।

– कुछ दवाएं, जैसेस्टेरॉयड और एंटी–डिप्रेशन मेडिसिन, प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकती हैं।

– उम्र बढ़ने के साथ शुक्राणु की गतिशीलता और डीएनए गुणवत्ता घट जाती है।

किन लोगों को स्पर्म फ्रीजिंग करवानी चाहिए?

35 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुष स्पर्म फ्रीजिंग करवा सकते हैं, क्योंकि उम्र बढ़ने के साथ शुक्राणु की गुणवत्ता घटती है। जो देर से शादी करने की योजना बना रहे हैं, उनके लिए इससे बढिया ऑपशन कोई हो ही नहीं सकता। कैंसर या गंभीर बीमारी से पीड़ित पुरुषों के लिए भी कीमोथेरेपी या रेडिएशन से पहले स्पर्म फ्रीजिंग फायदेमंद हो सकती है। जिनके स्पर्म काउंट कम हैं, उन्हें इस विषय पर जल्दी ही फैसला ले लेना चाहिए, ताकि भविष्य में परिवार बढ़ाने का मौका बना रहे।

स्पर्म फ्रीजिंग की प्रक्रिया

पहलेव्यक्ति के स्पर्म को हस्तमैथुन या सर्जिकल प्रक्रिया से इकट्ठा किया जाता है। शुक्राणु की गुणवत्ता, गतिशीलताऔर संख्या की जांच की जाती है। फिर शुक्राणु को फ्रीज करने से पहले विशेष क्रायोप्रोटेक्टेंट केमिकल मिलाया जाता है ताकि कोशिकाओं को नुकसान न हो। शुक्राणु को धीरे–धीरे –196 पर लिक्विड नाइट्रोजन में फ्रीज किया जाता है। जब भी गर्भधारण की जरूरत हो, स्पर्म को डीफ्रीज कर आईवीएफया आईसीएसआई तकनीक से उपयोग किया जा सकता है। इसे तब तक स्टोर करके रखते हैं जब तक पेशेंट इसे यूज न करना चाहे। 10 साल तक फ्रीज रहे स्पर्म से भी हेल्दी बच्चा पैदा हो सकता है।

स्पर्म फ्रीजिंग के फायदे

–भविष्य में गर्भधारण का विकल्प बना रहता है।

–उम्र बढ़ने के साथ शुक्राणु की गुणवत्ता कम होने की समस्या से बचा जा सकता है।

–इनफर्टिलिटी की समस्या का समाधान मिलता है।

–कैंसर, हार्मोनल डिसऑर्डर या अन्य बीमारियों से पीड़ित पुरुषों के लिए उपयोगी।

–जो पुरुष शादी में देर कर रहे हैं, वे अपने स्वस्थ स्पर्म को संरक्षित कर सकते हैं।

स्पर्म फ्रीजिंग इन लोगों के लिए है फायदेमंद

आज के समय में पुरुषों की प्रजनन क्षमता तेजी से गिर रही है, जिसका मुख्य कारण तनाव, अनहेल्दी लाइफस्टाइल, प्रदूषण और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस का बढ़ता इस्तेमाल है। स्पर्म फ्रीजिंग (ैचमतउ थ्तममरपदह) एक प्रभावी समाधान हो सकता है, जिससे पुरुष भविष्य में अपनी फैमिली प्लानिंग को सुरक्षित रख सकते हैं। जो लोग देर से शादी करने की सोच रहे हैं, गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं, या इनफर्टिलिटी की समस्या से परेशान हैं, उनके लिए यह प्रक्रिया बेहद लाभदायक साबित हो सकती है। अगर आप अपनी फर्टिलिटी को लेकर चिंतित हैं, तो डॉक्टर से सलाह लेकर स्पर्म फ्रीजिंग पर विचार कर सकते हैं।

पुरुषों में स्पर्म काउंट बढ़ाने के उपाय

– ताजे फल, सब्जियां, नट्स और ओमेगा–3 युक्त चीजें खाएं।

–टमाटर, अखरोट, अंडे, पालक, और डार्क चॉकलेट शुक्राणु की गुणवत्ता सुधारते हैं।

–नियमित एक्सरसाइज से टेस्टोस्टेरोन का स्तर बढ़ता है और स्पर्म काउंट में सुधार होता है।

–निकोटीन और अल्कोहल शुक्राणु की गुणवत्ता को नुकसान पहुंचाते हैं।

–लैपटॉप को गोद में रखने से बचें और मोबाइल फोन को जेब में न रखें।

–मोटापा हार्मोनल असंतुलन पैदा करता है, जिससे स्पर्म काउंट कम हो सकता है।

–7–8 घंटे की नींद लेना जरूरी है क्योंकि यही समय शरीर टेस्टोस्टेरोन और स्पर्म उत्पादन के लिए इस्तेमाल करता है।

–बॉडीबिल्डिंग के लिए स्टेरॉयड का इस्तेमाल ना करें।

# बच्चेदानी में रसौली होने के 7 संकेत, बिना सर्जरी के मिलेगा आराम

अनहैल्दी लाइफस्टाइल और खाना हमें कई तरह की हैल्थ प्रॉब्लम्स दे रहा है। महिलाओं को हार्मोनल समस्याएं पीसीओडी, थायराइड और वजन बढ़ने जैसी कई दिक्कतें होना अब आम हो गया है इसी के जैसे बच्चेदानी में गांठ यानि रसौली होना भी खराब लाइफस्टाइल से जुड़ा ही रोग है। अगर इस रसौली का समय पर इलाज ना किया जाए तो नौबत सर्जरी तक भी पहुंच सकती है लेकिन इसे कुछ बातों का ध्यान रखकर समय पर खत्म भी किया जा सकता है। चलिए आज इसी पर बात करते हैं। रसौली की समस्या होना महिलाओं में काफी सामान्य है जिसके कई कारण हो सकते हैं जैसे हार्मोनल असंतुलन, अनुवांशिक कारण या जीवनशैली। वैसे ज्यादातर इन गांठों को ज्यादा सीरियस नहीं माना जाता लेकिन 1 प्रतिशत मामलों में बच्चेदानी की ये गांठें आकार में बहुत ज्यादा बढ़ने लगती है और नजरअंदाज करने से कैंसर का रूप भी ले सकती है।

बच्चेदानी की गांठ के शुरुआती 7 लक्षण पहचान लें

बच्चेदानी की गांठ से होने वाले लक्षणों को शुरूआत में ही पहचान लिया जाए तो अच्छा है। इसे खानपान और हैल्दी लाइफस्टाइल की मदद से ही रोका जा सकता है। अक्सर महिलाओं को गर्भाशय में फाइब्रॉइड्स (गांठ) होने का पता नहीं चलता, क्योंकि इनमें लक्षण दिखाई नहीं देते लेकिन अगर लक्षण होते हैं, तो ये गांठ के आकार, संख्या और स्थान पर निर्भर करते हैं। यहां कुछ आम लक्षण दिए गए हैं।

1. गर्भाशय में गांठ होने पर पीरियड्स में बहुत ज्यादा खून आ सकता है, जिससे एनीमिया (खून की कमी) हो सकता है। हैवी ब्लीडिंग होना रसौली होने का सबसे बड़ा और आम संकेत हैं इसके अलावा पीरियड्स बहुत कम और दर्द भरे भी हो सकते हैं।

2. पेट के निचले हिस्से में लगातार दर्द और भारीपन रहना भी रसौली का संकेत है। अगर गांठ बड़ी हो जाए तो पेट के निचले हिस्से (पेल्विस) में दर्द और भारीपन लंबे समय से महसूस हो रहा है तो जांच जरूरी है।

3. बार–बार पेशाब आना। गांठ मूत्राशय (ब्लैडर) पर दबाव डालती है, जिससे बार–बार पेशाब करने की जरूरत महसूस होती है।

4. कब्ज की समस्या रहना भी रसौली के संकेत हो सकते हैं। अगर गांठ, आंतों पर दबाव डालती है तो कब्ज और पेट फूलने की परेशानी हो सकती है।

5. पीठ और पैरों में दर्द रहना।



गर्भाशय के पीछे बनी गांठ रीढ़ की नसों पर दबाव डाल सकती है, जिससे पीठ और पैरों में दर्द होता है।

6. खून की कमी और कमजोरी, ज्यादा रक्तस्राव के कारण शरीर में खून की कमी हो सकती है, जिससे कमजोरी, चक्कर आना और जल्दी थकान महसूस होती है।

7. गर्भाशय में गांठ होने से कंसीव करने में कठिनाई आ सकती है। यह गर्भाशय की कार्यप्रणाली को प्रभावित कर सकती है, जिससे गर्भपात का खतरा बढ़ जाता है।

अगर आपको इनमें से कोई भी लक्षण महसूस हो, तो डॉक्टर से जरूर सलाह लें। समय पर इलाज से इस समस्या को रोका जा सकता है।

जानिए बच्चेदानी में गांठ होने पर क्या नहीं खाना चाहिए?

विशेषज्ञ डॉक्टर के अनुसार, बच्चेदानी की गांठ को ठीक करने में सबसे जरूरी है कि आप खान–पान का विशेष ध्यान रखें। सही आहार खाने से इस समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है और कुछ चीजों का सेवन बिलकुल बंद करना भी जरूरी होता है जैसे कि मैदा।

मैदा खाना बंद करना बहुत जरूरी

सिर्फ बच्चेदानी की रसौली ही बल्कि और कई बीमारियों की वजह मैदा और उससे बनी फूड आइटम्स है। इसलिए सबसे पहले खाने में मैदा को बाहर निकाले क्योंकि मैदा को रिफाइन करने से उसके सारे पोषक तत्त्व जैसे फाइबर और विटामिन निकल जाते हैं, फिर इसे खाने से आपको उर्जा तो मिलती है लेकिन पोषण नहीं। मैदा में फाइबर की भी कमी होती है, जिससे यह आसानी से पचता भी नहीं है इसलिए यदि आपको बच्चेदानी में गांठ की समस्या है तो मैदा से बनी हुई चीजें जैसे ब्रेड, बिस्कुट, केक, पिज्जा, आदि खाने से बचना चाहिए। इतना ही नहीं मैदा आपके इन्सुलिन समअमस में भी वृद्धि करती है जिससे हार्मोन असंतुलन तथा अन्य समस्याएं जैसे गाँठ का आकार बढ़ सकता है। इसी तरह चीनी और मीठी ड्रिंक्स पीने से भी परहेज करें।

उड़द की दाल

उड़द की दाल भी धीरे–धीरे पचने वाली होती है। ज्यादा सेवन करने से पाचन तंत्र पर दबाव डाल सकता है, जिससे गैस, एसिडिटी, और पेट फूलने जैसी हैल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। उड़द की दाल के बजाय हल्की और आसानी से पचने वाली दालों का सेवन करें जैसे मूंग और अरहर।

खट्टे फल और खट्टे खाद्य पदार्थ

खट्टे फलों में एसिड की मात्रा ज्यादा होती है इसलिए खट्टे फल जैसे निम्बू, संतरा, टमाटर और खट्टे खाद्य पदार्थ जैसे अचार, केचप ना खाएं। ये एसिडिटी और पेट में जलन का कारण बनता है। बच्चेदानी में गांठ है तो यह खाने से दर्द और सूजन बढ़ सकती है। खट्टे फलों की जगह मीठे फल जैसे केला, सेब, या पपीता का सेवन करें।

बैंगन और आलू जैसी सब्जियां

बैंगन और आलू जैसी सब्जियां सोलानेसी (वसंदंबमंम) परिवार की सब्जियां हैं, यानि इनमें सोलानिन नामक यौगिक पाया जाता है जो शरीर में सूजन, गैस, और पाचन समस्याओं का कारण बन सकता है इसलिए इन सब्जियों का या तो सेवन बिलकुल न करें या फिर सीमित मात्रा में करें ताकि आपकी बच्चेदानी की गाँठ की समस्या और अधिक गंभीर न हो।

अम्ल बढ़ाने वाले भोजन

अगर बच्चेदानी में गांठ है तो हलका और ताजा भोजन करें। अम्लीय भोजन जैसे तला–भुना, मांस, चीनी, और खट्टे खाद्य पदार्थ पेट में अम्ल की मात्रा को बढाते हैं तथा इससे जलन, सूजन, दर्द, और ऐसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। बच्चेदानी में गांठ है तो अम्लीय भोजन आपकी तकलीफ को और अधिक बढ़ा सकते हैं।

कैफीन युक्त चीजें

चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक्स और एनर्जी ड्रिंक्स में कैफीन पाया जाता है, जो शरीर में हार्मोनल असंतुलन पैदा कर सकता है। इससे एस्ट्रोजन बढ़ सकता है, जिससे बच्चेदानी की गांठ और बड़ी हो सकती है।

फास्ट फूड

आजकल फास्ट फूड का क्रेज बहुत बढ़ गया है लेकिन यह सेहत के लिए नुकसानदायक है। इनमें पोषण की कमी होती है ।

## पूर्व सांसद हरिवंश,विधायक पुत्र रमेश सिंह समेत 3 की गिरफ्तारी का न्यायालय ने किया वारंट जारी

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपीध्एमएलए कोर्ट अनुज कुमार जौहर ने शुक्रवार को अपना दल के पूर्व सांसद हरिवंश सिंह,उनके विधायक पुत्र रमेश सिंह व दुर्गेश सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अग्रिम आदेश के लिए 6 मार्च तिथि नियत की गई। कोर्ट ने अधिवक्ता विनय कुमार सिंह द्वारा दाखिल परिवाद में पूर्व में आरोपियों के खिलाफ गवाहों के बयान के आधार पर जालसाजी का प्रथम दृष्टया मामला पाते हुए उन्हें तलब किया लेकिन आरोपी कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। 17 फरवरी 2025 को जमानती वारंट इस आशय का प्राप्त हुआ कि आरोपी घर पर नहीं मिले। घर वालों को न्यायालय, समय व तारीख जाने के लिए बताया गया। इसके पूर्व भेजे गए सम्मन या तो इस आशय की आख्या के साथ प्रस्तुत हुए कि आरोपी घर पर नहीं मिले या घर वालों ने सम्मन लेने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि आरोपित तामीला से बच रहे हैं तथा न्यायालय में उपस्थित होना नहीं चाहते।इस वजह से परिवाद की कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पा रही है। कोर्ट ने तीनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

इस मामले शनिवार को बात करते हुए वादी अधिवक्ता विनय कुमार सिंह ने बताया कि मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के ओलंदगंज मोहल्ले का है। हुसैनाबाद लाइनबाजार निवासी दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता विनय कुमार सिंह ने पूर्व सांसद हरिवंश सिंह, उनके पुत्र विधायक रमेश सिंह व दुर्गेश सिंह निवासी शाहगंज व लक्ष्य गुप्ता निवासी मोहल्ला अहमद खां मंडी के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दाखिल किया था कि उसके पिता अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद सिंह ने जारिए मुख्तारआम मोहिनी श्रीवास्तव से 14 अगस्त 2006 को मकान नंबर 89ध् 1 ओलंदगंज में खरीदा था जो नगर पालिका में दर्ज है।आरोपी विपक्षीगण मकान के आसपास की करीब 2100 वर्गफिट जमीन खरीदा परंतु विपक्षीगण कूटरचित दस्तावेज तैयार करके छल से परिवादी के मकान का भी क्षेत्रफल मिलाकर अपनी संपत्ति से अधिक 3400 वर्ग फिट क्षेत्रफल को लक्ष्य गुप्ता को विक्रय कर दिया। आरोपियों की 2100 वर्ग फिट ही जमीन है, लेकिन साजिश करके बगल के वादी के मकान को भी शामिल कर 3400 वर्ग फिट जमीन का बैनामा कर दिया।29 मई 2021 को करीब सात बजे वादी व भाई दयाशंकर ओलंदगंज में कांप्लेक्स पर मौजूद थे। इसी दौरान हरिवंश व उनके लड़के रमेश व दुर्गेश 7–8 हथियारबंद लोगों के साथ जेसीबी मशीन लेकर आए और कांप्लेक्स के बगल में मौजूद उनका मकान गिरा दिया। मकान से करीब दस लाख का सामान ट्रैक्टर से उठा ले गए। इस मामले में थाना लाइन बाजार व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देने पर भी सुनवाई नहीं हुई। आरोपी आए दिन जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। परिवादी व गवाह रमाशंकर और राहुल ने कोर्ट में बयान दर्ज कराया। गवाहों के बयान के आधार पर कोर्ट ने प्रथम दृष्टया जालसाजी का मामला पाया। जिसपर ये आदेश दिया है।

## नवागत सीएमओ ने ग्रहण किया कार्यभार



अयोध्या। शनिवार को बिजनौर से स्थानांतरित होकर आये अयोध्या जनपद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रूप में डॉ सुशील कुमार बनियान ने अपना कार्यभार ग्रहण किया।इस मौके पर कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रूप में रहे डाक्टर डॉक्टर पुष्पेंद्र कुमार ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर उनको कार्यभार सौपा।इस मौके पर नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बनियान ने वहां पर मौजूद सभी चिकित्सा अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया।इस मौके पर उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के मंशानुरूप कार्य करना उनकी प्रथम प्राथमिकता है। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित सभी चिकित्सा कर्मियों से अपेक्षा किया कि वह आपस में एक दूसरे से मिलकर शासन के मंशन रूप कार्य करेंगे। इस मौके पर सभी चिकित्सा अधिकारी तथा चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे।

## थाना दिवस को लेकर डीएम ने किया रोस्टर जारी

(डॉ अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच थाना दिवसध्समाधान दिवस के आयोजन से सम्बंधित आंशिक रोस्टर 08 मार्च से 24 मार्च तक जनपद में जारी किया गया है।बताया कि 08 मार्च 2025 को कोतवाली अयोध्या में रेजिडेंट मजिस्ट्रेट अयोध्या, थाना राम जन्मभूमि में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, कोतवाली नगर में उप जिला मजिस्ट्रेट सदर, महिला थाना में नायब तहसीलदार सदर, थाना गोसाईगंज में तहसीलदार सदर, थाना महराजगंज में एसडीएम न्यायिक सदर, थाना रौनाही में उप जिला मजिस्ट्रेट सोहावल, थाना कैंट में तहसीलदार सोहावल, थाना पूराकलन्दर में एसडीएम न्यायिक सोहावल, थाना बीकापुर में एसडीएम न्यायिक बीकापुर, थाना हैदरगंज में तहसीलदार बीकापुर, थाना तारुन में उप जिला मजिस्ट्रेट बीकापुर, थाना इनायतनगर में उप जिला मजिस्ट्रेट मिल्कीपुर, थाना कुमारगंज में तहसीलदार मिल्कीपुर, थाना खण्डासा में एसडीएम न्यायिक मिल्कीपुर, कोतवाली रूदौली में एसडीएम न्यायिक रूदौली, थाना मवई में तहसीलदार रूदौली, थाना पटरंगा में नायब तहसीलदार रूदौली व थाना बाबा बाजार में उप जिला मजिस्ट्रेट रूदौली को लगाया गया है। इसी क्रम में दिनांक 22 मार्च, 12 अप्रैल, 26 अप्रैल, 10 मई व 24 मई 2025 को थाना दिवसध्समाधान दिवस का आयोजन किया गया है।जिलाधिकारी ने बताया कि समाधान दिवस के दिन सम्बंधित क्षेत्र के राजस्व कर्मी थाने पर उपस्थित रहेंगे। नगरीय क्षेत्रों के थानों पर सम्बंधित नगर निकाय (नगर निगमध्नगर पालिका परिषदध् नगर पंचायत) के सहायक नगर आयुक्तध्अधिशाषी अधिकारी तथा विकास प्राधिकरण के सचिव अथवा सक्षम अधिकारी उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक थाने पर रोस्टर के अनुसार राजस्व एवं पुलिस विभाग के राजपत्रित अधिकारी द्वारा समाधान दिवस का नेतृत्व किया जायेगा। शासना देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/समस्त अपर जिला मजिस्ट्रेट/अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा आपस में समन्वय स्थापित कर अलग–अलग प्रत्येक समाधान दिवस पर जनपद के कम से कम दो थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया जायेगा। मण्डलायुक्तध्पुलिस महानिरीक्षक द्वारा भी प्रत्येक समाधान दिवस पर जनपद के किन्हीं दो थानों का निरीक्षण किया जा सकता है। प्राप्त शिकायतों की सुनवाई उपस्थित प्रभारी अधिकारी द्वारा की जायेगी तथा शिकायत की प्रकृति के आधार पर पुलिस अथवा राजस्व कर्मियों अथवा संयुक्त रूप से पुलिस एवं राजस्व कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये जायेंगे। निस्तारित प्रत्येक मामले की प्रविष्टि जी0डी0 में की जाए ताकि भविष्य में उसी शिकायत के पुनः प्राप्त होने पर उक्त प्रविष्टि के आधार पर वैधानिक कार्यवाही किया जाना संभव हो सके। समस्त शिकायते समाधान दिवस के रजिस्टर में अंकित की जायेगी। शिकायतों का निस्तारण भी संक्षेप में दर्ज किया जायेगा। प्रत्येक सम्पूर्ण समाधान दिवस पर समस्त थानों का समाधान दिवस रजिस्टर जिला मजिस्ट्रेट/पुलिस प्रमुख अथवा उप जिला मजिस्ट्रेट/पुलिस क्षेत्राधिकारी को अवलोकित कराया जायेगा। सभी अधिकारी संचारी रोगों के दृष्टिगत भविष्य के खतरे या समस्या से बचने के लिए किये गये उपाय के सम्बन्ध में जारी समस्त अद्यतन दिशा–निर्देशों का अनुपालन करेंगे।

## प्रेमी ने किया प्रेमिका की हत्या पुलिस ने किया खुलासा, प्रेमी गिरफ्तार



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। नगर कोतवाली थाना अंतर्गत शुक्रवार को कमला अस्पताल के सामने एक सूटकेस में मिली महिला की लाश के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी विशाल साहनी (22) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 28 फरवरी को कमला अस्पताल के सामने एक सूटकेस में महिला का शव मिला था। कोतवाली पुलिस ने तत्काल मामले की जांच शुरू की और सात घंटे में मृतका की पहचान कर ली। मामले में धारा 103(1), 238(ए) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका मृतका से कई वर्षों से प्रेम संबंध था। बीच में महिला की शादी हो गई थी, लेकिन विवाद के कारण तलाक हो गया। दोनों की मुलाकात जारी रही। 24 फरवरी को दोनों जौनपुर आए और मछलीशहर पड़ाव के पास रुके। 25 फरवरी को किसी बात को लेकर विवाद हुआ और आरोपी ने लोहे के पल्टे से महिला पर हमला कर दिया। महिला के बेहोश होने पर, गिरफ्तारी के डर से उसने शव को सूटकेस में रखकर रिक्शे से नाले में फेंक दिया।जिसका सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।जिसमें आरोपी महिला के शव को ले जाते दिखाई पड़ रहा है। मामले में शनिवार को खुलासा करते हुए एसपी सिटी अरविंद वर्मा ने बताया कि दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन परिवार वाले राजी नहीं थे। आरोपी विशाल साहनी वाराणसी के रोहनिया थाना क्षेत्र के मूडादेव पोस्ट टिकरी का रहने वाला है।

लड़की जनपद में स्थित एक शॉपिंग मॉल स्टाइल बाजार में नौकरी करती थी।पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे का पल्टा भी बरामद कर लिया है।दोनों एक ही जाति के है।मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। वही कोतवाली पहुंची मृतका की मां जानकी का कहना है कि उसे न्याय चाहिए जैसे उसकी लड़की को मारा गया है उसी तरह लड़के कभी साथ होना चाहिए।

## कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला युवक का शव, पुलिस छानबीन मे जुटी

(डॉ अजय कुमार
जिला संवाददाता)

अयोध्या। जिले के मवई थाना क्षेत्र के ग्राम कोंडिरा में एक युवक की मौत संदिग्ध अवस्था हो गई। जिसकी 23 वर्षीय पहचान धनीराम यादव के रुप मे हुई। अयोध्या के मवई थाना क्षेत्र के ग्राम कोंडिरा में एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। धनीराम यादव (23) का शव उनके कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला।मृतक के भाई रामरतन यादव ने सुबह यह देखा और तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया। धनीराम ने कमरे में साड़ी का फंदा बनाकर छत के कुंडे से लटककर अपनी जान दे दिया। मवई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचायत नामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध मे उपनिरीक्षक आयुष यादव के अनुसार, अभी मौत का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## मेड़ विवादों पर त्वरित कार्यवाही करें एवं तालाबों से अवैध कब्जे हटायें – मंगला प्रसाद सिंह

(अम्बरीष कुमार सक्सेना)



हरदोई । आज तहसील सवायजपुर सभागार में में आयोजित तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने लोगों की समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी ने कहा कि मेड़ सम्बन्धी विवादों में त्वरित कार्रवाई की जाये। तालाबों से अवैध कब्जे हटाए जाएं। कब्जे सम्बन्धी विवादों के लिए प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर कार्रवाई करे। ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जे हटाए जाएं। विरासत के मामलों में विशेष ध्यान रखा जाये। चकमार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लेकर त्वरित कार्रवाई की जाये। अंश निर्धारण के प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाये। जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में देरी न की जाये। बारामऊ पंसाला में वन विभाग की भूमि पर अवैध कब्जे की एक शिकायत पर उन्होंने तत्काल भूमि की पैमाइश कर कब्जा हटाने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के आवेदनों के निस्तारण में देरी न की जाये। एआर को –ऑपरेटिव की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि राजस्व व पुलिस विभाग की टीमें समन्वय बनाकर विवादों का निपटारा कराएं। समाधान दिवस के बाद वकीलों से बात करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वादों के निस्तारण में पूरा सहयोग किया जाये। पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये। उन्होंने वकीलों की समस्याओं को सुना तथा उनके निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सवायजपुर तहसील प्रांगण में नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पीडी पीपी त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, उप जिलाधिकारी संजय अग्रहरि, उप जिलाधिकारी माधव उपाध्याय, एसओसी चकबंदी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व सभी जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## चाणक्य परिषद की आगामी बैठक 2 मार्च को सूर्यकुंड दर्शन नगर में

(डॉक्टर अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या। सनातन परंपरा को अक्षुण्य बनाकर हिंदू समाज को संस्कारवान कराने की बीड़ा उठाने वाले ब्राह्मण समाज के ध्वजवाहक पंडित कृपा निधान तिवारी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष निशुल्क सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार भगवान श्री सूर्य मंदिर सूर्यकुंड दर्शन नगर अयोध्या में आगामी 23 एवं 24 मार्च रविवार व सोमवार को संपन्न कराने की तैयारी बैठक आगामी दो मार्च 2025 रविवार को 12:00 बजे सूर्यकुंड मंदिर दर्शन नगर में आयोजित की गई है। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाकर ब्राह्मण समाज के 16 वर्ष से कम और 16 वर्ष सेअधिक आयु के भारी संख्या मे ब्राह्मण बटुको की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की तैयारी बैठक होगी।

उत्तर प्रदेश अखिल भारतीय चाणक्य परिषद जनपद अयोध्या की बैठक परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी के निर्देशन में आहूत की गई है। जिसमें जनपद अयोध्या के सभी परिषद के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सम्मानित ब्राह्मण बंधु भाग लेंगे। उक्त जानकारी परिषद के जिला प्रवक्ता दुर्गा प्रसाद मिश्र एडवोकेट ने देते हुए सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं ब्राह्मण बंधुओं से आग्रह किया है।

## पूर्व मंत्री के नेतृत्व में पीडीए पंचायत की बैठक सम्पन्न

(डाक्टर अजय तिवारी
जिला संवाददाता)



अयोध्या। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन के नेतृत्व में महानगर अयोध्या रानोपाली सेक्टर में पीडीए पंचायत का हुआ आयोजन हुआ। जिसमे मुख्य रुप से जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव मौजूद रहे। महानगर अयोध्या रानोपाली सेक्टर में पीडीए पंचायत का आयोजन मजदूर सभा के प्रदेश सचिव अखिलेश चतुर्वेदी के संयोजन में संपन्न हुआ। पंचायत की अध्यक्षता मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष कैलाश कोरी व महानगर अध्यक्ष मजदूर सभा राजकपूर बौद्ध ने किया।संचालन प्रदेश सचिव मजदूरसभा अखिलेश चतुर्वेदी ने किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप मे आये पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि आज भाजपा सरकार में हर वर्ग परेशान है।अयोध्या के व्यापारियों का शोषण हो रहा है।पुलिस प्रशासन द्वारा वहां के दुकानदारों को पीटा जा रहा है , इस उत्पीड़न का जवाब 2027 में जनता समाजवादी पार्टी की सरकार बना कर देगी, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही ऐसी पार्टी है कि जिसमें हर धर्म के लोगों का सम्मान है, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि आज भाजपा सरकार में जिस तरह से पीडीए समाज का उत्पीड़न हो रहा है कभी नहीं हुआ श्री अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री रहते तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया गया, जनता 2027 में अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाने का मन बना चुकी हैं, महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, बलराम मौर्या, अरौनी पासवान,विधा भूषण पासी, अपर्णा जयसवाल,प्रदेश महासचिव मजदूर सभा मिर्जा सनी, जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र गौतम, सुरेंद्र यादव, बब्बन प्रधान, जे पी यादव,अनस खान, विश्वनाथ कोरी, वीरेंद्र तिवारी, महेश सोनकर, रवींद्र पुजारी, राकेश कोरी, शिवचंद प्रसाद, पंचम कोरी, कृष्ण कुमार तिवारी, जुबेर खान, नंद कुमार पासवान , शिव कुमार मौर्या, राजू मौर्या, सीताराम मौर्या, इजरायल खान, रविंदर पुजारी, आर टी यादव, राम कौल यादव, सन्तोष पेंटर, कन्हैया लाल मिस्त्री,इत्यादि लोग मौजूद थे।।

## सिविल अस्पताल के चीफ फार्मेसिस्ट पी सी कुमार का विदाई सम्मान समारोह आयोजित



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल चिकित्सालय के चीफ फार्मेसिस्ट पी सी कुमार की सेवानिवृत्ति के अवसर पर आज उनका भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में चिकित्सालय के चीफ फार्मेसिस्ट एवं फार्मेसिस्ट के साथ ही अन्य संवर्गों के कर्मी तथा अन्य जनपदों के फार्मेसिस्ट प्रतिनिधि एवं प्रशिक्षु फार्मेसिस्ट भी उपस्थित थे।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व उपनिदेशक फार्मेसी एच एन चौधरी ने कहा कि चिकित्सालय परिवार जनता की स्वास्थ्य रक्षा के लिए सदैव तत्पर हैं। प्रदेश का फार्मेसी संवर्ग विभाग की रीढ़ के रूप में काम करता है श्री पी सी कुमार की लगभग 36 वर्ष की बेदाग सेवा से सभी युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए।

प्रभारी अधिकारी फार्मेसी शिव जी कुशवाहा ने श्री कुमार के साथ बिताए हुए समय को याद किया और उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी बताया ।कार्यक्रम का संचालन करते हुए फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने श्री कुमार के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री कुमार फार्माकोलॉजी के अच्छे जानकार हैं और स्वास्थ्य के प्रति खुद भी बेहद संवेदनशील हैं। सम्मान समारोह को पूर्व प्रभारी अधिकारी फार्मेसी, हरद्वारी लाल राज, वी के सिंह, डीपीए जनपद शाखा लखनऊ के अध्यक्ष अरुण अवस्थी, फार्मेसिस्ट फेडरेशन के महामंत्री अशोक कुमार, चीफ फार्मेसिस्ट दया शंकर पांडे, दिनेश सिंह, जिला सचिव जी सी दुबे, सुधीर कुमार, रजनीश पांडे, अजीत, ओ पी पटेल, महेंद्र रावत, आनंद मिश्रा, दिनेश सिंह, अनीता अवस्थी, अंजुम, प्रतिमा, अलका, एस एम सिंह, श्रवण कुमार चौधरी, कासिम अली, विशाल राठौर, पूर्व चीफ फार्मेसिस्ट एम पी चौधरी, ओ एन पाठक , के जी पांडे ने भी संबोधित किया । पूर्व चीफ फार्मेसिस्ट श्री अजय मिश्रा ने काव्यपाठ किया। श्री पी सी कुमार एनिमल बाइट इंजेक्शन सिविल के इंचार्ज थे उन्होंने लंबे समय तक लखनऊ के मुख्यमंत्री आवास में अपनी सेवाएं दी। श्री कुमार एक बेहद मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी रहे। श्री कुमार के सम्मान में चिकित्सालय के फिजियोथैरेपिस्ट विवेक तिवारी, मिनिस्टीरियल विभाग के कटियार , अनिल कुमार, टेक्निकल विभाग के धीरज जावेद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महेंद्र पांडे, रविंद्र यादव आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में श्री कुमार की धर्मपत्नी, पुत्र और पुत्री भी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी फार्मेसिस्टो ने संकल्प लिया कि मरीजों के हित में सदैव अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

## भाजपा महानगर के तीन मंडल अध्यक्ष घोषित

(डाक्टर अजय तिवारी
जिला संवाददाता)

अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के सांगठनिक चुनाव में महानगर के चार मंडल में से तीन मंडल के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों के नाम की घोषणा कर दी गई है।प्रदेश संगठन चुनाव अधिकारी डा महेन्द्र नाथ पाण्डेय की संतुति के उपरान्त जिला संगठन चुनाव अधिकारी नीलिमा कटियार ने मंडल अध्यक्षों की सूची जारी किया।महानगर के करियप्पा मंडल में अध्यक्ष रवि सोनकर, प्रतिनिधि अनुराग त्रिपाठी, देवकाली मंडल के अध्यक्ष हेमंत जायसवाल प्रतिनिधि शशि प्रताप सिंह, पूरा मंडल के अध्यक्ष कपिल देव वर्मा तथा प्रतिनिधि अतुल सिंह को बनाया गया है। मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि मिल्कीपुर चुनाव के कारण सांगठनिक चुनाव प्रक्रिया रोक दी गई थी। उपचुनाव के उपरान्त शुक्रवार को अयोध्या महानगर के मंडल अध्यक्षों तथा प्रतिनिधियों की घोषणा की गई है। महानगर के अयोध्या मंडल तथा जिले के मंडलों के अध्यक्ष की घोषणा जल्द होगी।

## आखिरकार सील हुआ अमानीगंज स्थित मान होटल

अयोध्या। आखिरकार राम लला का दर्शन करने आए श्रद्धालुओं से मारपीट के मामले मे कोतवाली नगर क्षेत्र के अमानीगंज स्थित मान होटल को एसडीएम सदर विकास धर दुबे ने सील कर दिया।यह कार्यवाही शनिवार को की गई।बताते चले कि सराय एक्ट के तहत होटल मान पंजीकृत न होने के चलते अवैध रूप से चल रहा था। जिसको संज्ञान में लेते हुए विकास प्राधिकरण ने नोटिस दिया था। बताते चले कि कुछ दिन पूर्व दिल्ली से आए श्रद्धालुओं से मैनेजर व कर्मचारियों ने मारपीट किया था।इस मामले मे पुलिस ने मैनेजर व एक कर्मचारी का शांति भंग में चालान किया था।देखा जाए तो कई जगहों पर अवैध रूप से होम स्टे संचालित हो रहे हैं।इस संबंध में विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने बताया कि अवैध रूप से संचालित होटल,पेइंग गेस्ट हाउस सहित अन्य प्रतिष्ठानों पर शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## भरखनी में टीबी मुक्त भारत अभियान का दिया गया प्रशिक्षण'

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव'

पाली/हरदोई। शनिवार को विकास खंड भरखनी के सभागार में टीबी व टीकाकरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक दिवसीय आयोजन किया गया। उक्त बैठक का आयोजन विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों के साथ टीबी नियंत्रण महत्वपूर्ण विषय पर हुआ, जिससे टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के सहयोग व टीकाकरण कार्यक्रम में जो परिवार अपने बच्चों का टीकाकरण नहीं करवाते हैं, उनका सहयोग समूह सखी के माध्यम से सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण में सी–पीएटी कार्यक्रम और टीबी मुक्त ग्रामपंचायत और 100 दिवसीय टीबी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही पंचायत और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्राम वासियों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त निश्चय मित्र के रूप में उनकी मदद करने और पोषण पोटली जैसी पहल पर भी गहन चर्चा कर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर एडीओ राजेश कुमार ,बीएमसी कल्पना मिश्रा, दीपक कुमार, बीसीपीएम राजीव कुमार सिंह,स्वयं सहायता समूह के सदस्यों सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## रफ्तार का कहर दो मोटर साइकिल की टक्कर एक की मौत, दो घायल

सुलतानपुर। बल्दीराय थाना क्षेत्र के हलियापुर सुल्तानपुर मार्ग पर चक्कारी भीत मोड के पास दो मोटरसाइकिलों के आमने–सामने टक्कर हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई दो अन्य घायल हो गए हैं प्राप्त जानकारी के अनुसार रामकरन जयसवाल पुत्र रामराज जायसवाल निवासी ग्राम डडवा मजरे सादुल्लापुर के निवासी हैं आज समय लगभग 1:30 बजे के करीब एक मोटरसाइकिल पर अपने दो बच्चों देव , दिव्यांश के साथ मोटरसाइकिल से बैठकर दाता करीम शाह मेले में दुकान लगाएं रिश्तेदार दशरथ लाल निवासी जमोली थाना कूरेभार को खाना देने के लिए निकले हुए थे।

पारा बाजार की तरफ से वापस आ नशे में धुत एक बाइक सवार दो लोग राजेश कुमार पुत्र राममिलन निवासी दौलतपुर मजरे दावतपुर जितेंद्र कुमार पुत्र कृष्ण कुमार निवासी बलीपुर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिनको स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय भेजा गया है।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 - 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।